उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग
हरिद्वार–249404

पत्रांक : 22/05/डी0आर0/सेवा–2/2019–20 दिनांक : 18 मई, 2022

विज्ञप्ति

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग द्वारा प्रकाशित **विज्ञापन संख्याः A-3/DR/S-3/2021 दिनांक 11 सितम्बर, 2021** के अन्तर्गत विज्ञापित भूतत्व एवं खनिकर्म इकाई, उद्योग निदेशालय, समूह 'ग' परीक्षा–2021 में **सर्वेक्षक** के रिक्त 05 पदों पर सीधी भर्ती के माध्यम से चयन हेतु विज्ञापन प्रकाशित किया गया। उक्त विज्ञापन के सापेक्ष उपलब्ध कराये गये आवेदन पत्र व शैक्षिक अभिलेखों/प्रमाण–पत्रों की सन्निरीक्षा के उपरान्त अनर्ह घोषित अभ्यर्थियों की सूची एवं अभ्यर्थन निरस्त घोषित अभ्यर्थियों की सूची आयोग की वेबसाइट **www.ukpsc.gov.in** पर अपलोड की गयी है। अभ्यर्थी **दिनांक 01 जून, 2022 सांय 06:00 बजे तक** अपना प्रत्यावेदन डाक द्वारा अथवा अन्य किसी भी माध्यम से **सचिव, उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग, हरिद्वार, पिन कोड–249404** के कार्यालय में जमा कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त अभ्यर्थी अपना प्रत्यावेदन व अभिलेख अनुभाग की ई–मेल sosewa03@gmail.com पर भी प्रेषित कर सकते है। उक्त अंतिम तिथि के पश्चात् प्राप्त प्रत्यावेदनों पर आयोग द्वारा विचार नहीं किया जाएगा।

–s/d-
(कर्मेन्द्र सिंह)
सचिव